कार्यक्रम | प्रगतिशील लेखक संघ का व्यंग्य शिरोमणि परसाई पर व्याख्यान का आयोजन

# पत्रकारों की आजादी है सर्वोपरि : सीमा




**जबलपुर, नवभारत।** प्रगतिशील लेखक संघ, जबलपुर इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक परसाई व्याख्यान का आयोजन इस वर्ष रानी दुर्गावती संग्रहालय के कलावीथिका सभागार में किया गया। इस अवसर पर देश की जानी-मानी पत्रकार और डिजिटल न्यूज़ पोर्टल द वायर की संपादक सीमा चिश्ती ने भारत में लोकतंत्र को खत्म करने में मीडिया की भूमिका विषय पर एक विचारोत्तेजक और चिंतनशील व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने वक्तव्य की शुरुआत करते हुए सीमा चिश्ती ने हरिशंकर परसाई के व्यंग्य और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण को याद करते हुए कहा कि आवारा भीड़ के खतरे, जिनकी चेतावनी परसाई ने दी थी, आज हमारे सामने हैं। चिश्ती ने कहा कि 2014 से पहले भी मीडिया पूरी तरह से स्वस्थ नहीं था, लेकिन हाल के वर्षों में बिग मीडिया का पतन और तेज हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि जब नागरिकों को सही और निष्पक्ष जानकारी नहीं मिलती, तो वे न तो जागरूक वोटर बन पाते हैं, न ही एक जिम्मेदार समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया अब न्यूज़ के बजाय नैरेटिव बेचने में जुटा है, और यह नैरेटिव अक्सर सत्ताधारी राजनीति के पक्ष में खड़ा होता है।

आज कल डिजिटल प्लेटफार्म सच्चे साथी

सीमा चिश्ती ने विस्तार से बताया कि किस तरह विज्ञापन, कॉर्पोरेट स्वामित्व और राजनीतिक दबाव ने संपादकीय स्वतंत्रता को सीमित कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की मजबूती ही लोकतांत्रिक संस्थाओं को जीवित रख सकती है, लेकिन आज यह स्तंभ खुद खोखला हो रहा है। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटल और वैकल्पिक मीडिया के महत्व पर बल दिया, यह कहते हुए कि अगर आज भी कहीं सच्ची पत्रकारिता बची है, तो वह छोटे-छोटे डिजिटल प्लेटफॉर्म, स्वतंत्र पत्रकारों और नागरिक रिपोर्टरों में है।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कुंदन सिंह परिहार ने की, उन्होंने कहा कि परसाई व्याख्यान का उद्देश्य ही यही है कि सत्ता, समाज और लोकतंत्र पर आलोचनात्मक दृष्टि कायम रखी जाएं। कार्यक्रम का संचालन तरुण गुहा नियोगी ने किया। वही विशिष्ट अतिथियों में राजेंद्र दानी, विवेक चतुर्वेदी, राजीव कुमार शुक्ल, विनय अम्बर, अवधेश वाजपेयी, हिमांशु राय और पंकज स्वामी उपस्थित थे।

### इनका कहना है



सीमा चिश्ती ने कहा कि मीडिया का असर केवल खबरों तक सीमित नहीं है लेकिन असल में यह लोगों के सोचने के ढंग पर निर्भर करता है।

**राजेश झा**



सही में मीडिया से बढकर कोई नहीं है। लेकिन यह दूसरी बात है कि मीडिया क्या दिखाता है पर आज भी हर आम इंसान मीडिया पर आश्रित है।

**अजय यादव**



# सेल्फी विथ तिरंगा कार्यक्रम शुभारंभ

▸ कार्यक्रम के माध्यम से दिया देशभक्ति का संदेश

**जबलपुर, नवभारत।** शासकीय मो. ह. गृहविज्ञान एवं महिला महा विद्यालय के वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग में 13-14 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सेल्फी विथ तिरंगा गतिविधि आयोजित की गई। इसमें महाविद्यालय स्तर पर प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों, कर्मचारियों एवं छात्राओ द्वारा सेल्फी खींचकर देशभक्ति के प्रति उत्साह दिखाया। इस सेल्फी स्थान को विभाग की छात्राओं द्वारा तैयार किया गया। इस से संबंधित रील विडिओ भी बनाए गए जिसे सोशल साइट्स पर भी साझा करने की दृष्टि से उत्साहित देखा गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तिरंगे के तीन रंगों के महत्व की जानकारी, देशभक्ति के प्रति लगाव बनाए रखने के उद्देश्य को ध्यान में रखकर सेल्फी विथ तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### हैंडलूम वस्त्र पहनकर आने के लिए किया प्रेरित

महाविद्यालय के प्राध्यापकों को तिरंगे के रंगों के हैंडलूम वस्त्र पहनकर आने के लिए भी प्रेरित किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्मिता पाठक के कुशल निर्देशन में तथा विभागाध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा के मार्गदर्शन में डॉ. रचना अग्रवाल के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।.

### एक नजर में



## कोई बना कृष्णा तो कोई राधा

**जबलपुर।** किसी ने कृष्ण की नटखट अदाए दिखाई तो किसी ने राधा की वेश भूषा धारण की। माखन चोर कृष्ण गोपियों को परेशान करते नजर आये। चारो और मस्ती का माहौल था यह मौका था सिविल लाइन स्थित वेब मेमोरियल नर्सरी स्कूल मे कृष्ण जन्मआष्ट्मी बढ़ी धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य रूपा बैनर्जी, दीपिका दुबे, नीति श्रीवास्तव, वंदना सहित स्कूल का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।




## आकाश एजुकेशनल ने किया एंथे 2025 लॉन्च

**जबलपुर।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने एंथे के 16 शानदार वर्षों का जश्न मनाते हुए एंथे 2025 लॉन्च किया, जो छात्रों को भविष्य के प्रॉब्लम सॉल्वर बनने के लिए सशक्त बनाएगा। एईएसएल ने स्कॉलरशिप और एडमिशन के लिए %आकाश इनविक्टस ऐस टेस्ट% लॉन्च किया है। एंथे परीक्षा इस साल 4 से 12 अक्टूबर 2025 के बीच ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित होगी। इस परीक्षा के ज़रिए क्लासरूम, आकाश डिजिटल और इनविक्टस कोर्सेस के लिए स्कॉलरशिप दी जाएगी। एईएसएल ने एक नया एग्जाम भी लॉन्च किया है — आकाश इन्विक्टस ऐस टेस्ट, जो क्लास 8 से 12 के स्टूडेंट्स के लिए है जो एडवांस जेईई की तैयारी करना चाहते हैं। यह एग्जाम 24 अगस्त, 31 अगस्त और 7 सितंबर 2025 को होगा। रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ और एमडी, दीपक मेहरोत्रा ने कहा, एंथे अब देशभर के छात्रों के लिए एक उम्मीद की पहचान बन चुका है।



## लोगों को हर घर तिरंगा फहराने किया प्रेरित

▸ पुलिस लाइन में निकाली तिरंगा रैली

**जबलपुर।** बुधवार सुबह विद्यार्थियों के साथ पुलिस लाइन में कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक सिंह व अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली। इस दौरान सभी ने उत्साहपूर्वक हर घर तिरंगा, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग के थीम पर नारे लगाये और लोगों को हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया रैली में स्वतंत्रता के उत्सव के साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया।

# बुढ़ापा आ गया है लेकिन धन की तृष्णा कम नहीं हुई

▸ आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में धर्म सभा



**जबलपुर ।** आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्म सभा में मुनि विनीत सागर महाराज ने उपदेश देते हुए कहा कि लोभ ही पाप का बाप है, यह संसारी प्राणी निरंतर धन उपार्जन में लगा है, बुढ़ापा आ गया है लेकिन धन की तृष्णा कम नहीं हुई। धर्म -क्रिया करने के लिए तो कहता है मैं बूढ़ा हूं कैसे करूंगा, लेकिन धन कमाने के लिए वह जवान हो रहा है ।यह धन संपदा अगले जन्म में साथ नहीं जा सकती फिर भी बुढ़ापे में उसको जोड़ने में लगा है, उसे अपने आत्म कल्याण की चिंता नहीं है और संसार की अनित्यता का बोध नहीं है। प्रात: काल आचार्य समय सागर जी महाराज ने केश लोंच किया तथा उपवास रखा। केश लोंच के दिन प्रतिक्रमण और उपवास करना अनिवार्य होता है, जीव हिंसा से बचने याचना रहित स्वावलंबी जीवन जीने और वैराग्य आदि गुणों को बढ़ाने के लिए दिगंबर मुनि कैसे लोंच करते हैं ।धर्म सभा के प्रारंभ में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के तैल चित्र के समक्ष चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष अशोक चावल, चंद्र कुमार सिंघई, अरविंद राजा, शैलेश आदिनाथ, शैलेश चौधरी ने दीप प्रज्वलित किया ।धर्म सभा का संचालन अमित शास्त्री ने द्य किया। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की प्रात: 8 बजे से आचार्य श्री समय सागर जी का विशेष उद्बोधन मानस भवन में होगा, आचार्य श्री का प्रात: 7 बजे लाखा भवन से मानस भवन के लिए विहार होगा।

# स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल हुई

▸ पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में होगा मुख्य समारोह



**जबलपुर।** स्वतंत्रता दिवस के जिले के मुख्य समारोह में प्रस्तुत की जाने वाली परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल बुधवार की सुबह पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर संपन्न हुई । स्वतंत्रता दिवस पर जिले का मुख्य समारोह पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर आयोजित किया जायेगा। इस दौरान हर घर तिरंगा रैली भी निकाली गई। सभी ने उत्साहपूर्वक हर घर तिरंगा, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग के थीम पर नारे लगाये और लोगों को हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक सिंह, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित अन्य संबंधित अधिकारी अंतिम रिहर्सल में मौजूद थे।



## मुख्य महाप्रबंधक को दी प्रबंध संचालक ने विदाई

**जबलपुर ।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्रीमती नीता राठौर को कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनय द्विवेदी ने कार्यालय में आयोजित एक स्नेहिल समारोह में विदाई दी । इस अवसर पर कार्पोरेट कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

प्रबंध संचालक श्री द्विवेदी ने श्रीमती राठौर के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कंपनी की मानव संसाधन एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । उनके कुशल मार्गदर्शन, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं समर्पण भाव से कंपनी को नई दिशा मिली। श्रीमती राठौर ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पूर्व क्षेत्र कंपनी में प्रबंध संचालक के नेतृ?व में कार्य करना गर्व की बात रही और यहां के सहयोगी वातावरण एवं टीम भावना को वे हमेशा याद रखेंगी । कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रीमती राठौर को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं ।

## राष्ट्रीय हैकाथॉन प्रतियोगिता का पोस्टर लॉन्च



**जबलपुर ।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा दिनांक 16/17 सितंबर को साइबर इन्वेस्टीगेशन एंड इंटेलिजेंस समिट का आयोजन भोपाल में किया जा रहा है । इसी कड़ी मैं राष्ट्रीय हैकाथॉन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमे प्रतिभागियों को 8 अलग- अलग प्रॉब्लम स्टेटमेंट दिए जाएँगे जिनके सलूशन उनको डिवाइस करने हैं और प्रेजेंट करने हैं । मध्यप्रदेश मैं हैकेथॉन तीन संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं । जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर भोपाल एवं इंदौर । जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा इस संबंध मैं पुलिस अधीक्षक इंदौर सम्पत उपाध्याय के द्वारा पोस्टर लांच किया गया, जिसमे प्रिंसिपल जेईसी चंडक एवं आराग्य मिश्रा भी मौजूद रही। हैकाथॉन के विजेताओं को नगद इनाम एवं अपनी स्टडी समिट मैं प्रेजेंट करने का अवसर भी दिया जाएगा ।

## मां मनसा का पूजन रविवार को

**जबलपुर।** माँ मनसा पूजा का भव्य आयोजन दिनांक 17 अगस्त को प्रात: 10 बजे से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एसबीआई चौक, विजय नगर में संपन्न किया जायेगा, सांयकालीन सांस्कृतिक संध्या प्रख्यात गायक सुब्रतो पात्रा का लाइव गायन कार्यक्रम होगा। तापस कुमार चक्रवर्ती, भोला नाथ रॉय, समीर बरन पाल, आशीष चक्रवर्ती, तापस दत्ता, श्रीमती अनुभा रॉय, श्रीमती शर्मिला पाल, तनुश्री दास, अपर्णा चक्रवर्ती आदि ने लोगों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

शिविर | भाजपा महानगर अध्यक्ष के जन्म दिवस पर आयोजित किया गया स्वास्थ्य शिविर

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का भारी संख्या में लोगों ने उठाया लाभ



**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जनसेवाके उद्देश्य से 11 से 14 अगस्त तक प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में तीसरे दिन अब्दुल हमीद मंडल अंतर्गत ठक्कर ग्राम वार्ड क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्रवासियों कोनि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे केंट क्षेत्र के विधायक अशोकरोहाणी ने कहा राजनीति में सेवा को माध्यम बनाना अनुकरणीय है। उन्होने कहा मैंने अपने पूज्य पिताजी और पूर्वविधानसभा अध्यक्ष स्व. श्री ईश्वरदास रोहाणी जी का अनुसरण करते हुए सेवा के माध्यम से राजनीति को चुनाऔर प्रसन्नता की बात है कि भारतीय जनता पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओ ने उनसे प्रेरणा ली है। आज हम सभीसंगठन के जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर के अवसर परएकत्र हुए है और जिस तरह से बड़ी संख्या में जरूरतमंद इस शिविर में भागीदारी कर रहे है इससे हम कह सकते हैभाजपा का हर कार्यकर्ता अपने नेतृत्व कि तरह अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। इसअवसर पर महामंत्री रजनीश यादव, जय सचदेवा, सोनू बचवानी, योगेश लोखंडे, पार्षद माधुरी सोनकर, चित्रकांतशर्मा, राहुल दुबे, काकू नारंग आदि की उपस्थिति रहे।

NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग ● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्योरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

FIRST TIME IN INDIA
भारत में पहली बार एक मात्र आयुर्वेदिक सेंटर जहां पर ठीक होने के बाद पैसा देना पड़ता है
स्पर्श आयुर्वेदा रिसर्च
सुरक्षित आयुर्वेदिक उपचार
1013 नरसिंह बिल्डिंग अपना बाजार के सामने रानीताल चौक, जबलपुर
मो. नं. 8234092477, 9713951308, 9302791019
विशेष- एक दिन पहले नंबर लगाये।
उपलब्ध उपचार-
शुगर किडनी हार्ट ब्लाकेज सिरोसिस सफेद दाग लकवा माइग्रेन साईटिका घुटनों में दर्द एवं गेप सेक्स प्रॉब्लम (स्त्री/पुरुष) अस्थमा
IBS PCOD/PCOS FATTY LEVER CANCER

प्रवेश सूचना प्रवेश सूचना प्रवेश सूचना
(कॉलेज कोड-2174)
रेवा बी.एड. कॉलेज
NCTE उच्च शिक्षा विभाग व रानी दुर्गावती वि.वि. से मान्यता प्राप्त
* ऑनलाईन पंजीयन/आवेदन -15/07/2025 से 18/07/2025 *आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल्यदस्तावेजों टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यान हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट करना-23/07/2025 से 25/07/2025 * आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान प्रारंभ करना आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि (प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा)- 23/07/2025 से 26/07/2025
सॉंई डी.एड. कॉलेज
(कॉलेज कोड-71209)
माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता प्राप्त
67, महाकौशल नगर, अधारताल, जबलपुर
मो. 9425868370, 9407183087